**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय पशुपालन, जयपुर**
**पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान–302015**
**director.ahd@rajasthan.gov.in दूरभाष–नं: 0141–2743331**

---

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(21)स्था/ब/सं.ब./पशु परि./भर्ती/2025/5701 जयपुर, दिनांक 14.08.2025

**आदेश**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के द्वारा पशुपालन विभाग को पशु परिचर सीधी भर्ती–2023 में पशु परिचर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में उपलब्ध करवाई गई अंतिम चयन सूची के आधार पर नवचयनित अभ्यर्थियों को विभाग के द्वारा ऑनलाईन काउंसलिग के माध्यम से नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी किये जाने है।

अतः नवचयनित अभ्यर्थियों को विभाग की वेबसाईट के माध्यम से निर्देशित किया जाता है कि वे विभागीय अधिकारिक वेबसाईट www.animalhusbandry.rajasthan.gov.in पर प्रदर्शित लिंक www.erajpashupalan.com पर लॉग–इन कर वांछित सूचनाओं की पूर्ति करते हुए, संलग्न दिशा–निर्देशानुसार अपने पदस्थापन हेतु जिलेवार विकल्प प्रस्तुत करें।

वांछित सूचनाओं की पूर्ति एवं पदस्थापन स्थान हेतु दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 24.08.2025 रात्रि 12 बजे तक अभ्यर्थी अपना विकल्प प्रस्तुत करे सकेंगे। इसके पश्चात प्रदर्शित लिंक स्वतः ही बंद हो जाएगा एवं अभ्यर्थियों द्वारा पोर्टल पर सूचना/विकल्प प्रस्तुत नहीं किये जा सकेंगे।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार

**(डॉ.आनन्द सेजरा)**
**निदेशक**

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(21)स्था/ब/सं.ब./पशु परि./भर्ती/2025/5702–08 जयपुर, दिनांक 14.08.2025

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार।
3. शासन उप सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार।
4. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
5. एसीपी, निदेशालय पशुपालन विभाग को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं।
6. संबंधित नवचयनित अभ्यर्थी द्वारा विभागीय वेबसाईट।
7. रक्षित पंजिका

**निदेशक**

Signature Not Verified
Digitally Signed by ANAND SEJRA
Designation : Director
Date :14-08-2025 04:42:17

RajKaj Ref No.: 17192331
eSign DSC

**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय पशुपालन, जयपुर**

पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान–302015

director.ahd@rajasthan.gov.in दूरभाष–नं: 0141–2743331


---

## पशु परिचर के पद हेतु नवचयनित अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश

1. नवचयनित अभ्यर्थियों को विभाग की वेबसाईट www.animalhusbandry.rajasthan.gov.in पर प्रदर्शित लिंक www.erajpashupalan.com पर लॉग–इन कर उनके द्वारा पशु परिचर के पद हेतु आवेदित ऑनलाईन आवेदन में अंकित मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से पदस्थापन स्थान आवंटन के संबंध में लॉग–इन करना होगा।
2. लॉग–इन करने के पश्चात अभ्यर्थी को व्यक्तिगत विवरण प्रदर्शित होगा तथा चाही गई सूचना अपडेट करनी होगी। अभ्यर्थी को स्वयं की नवीनतम फोटो(JPG) एवं हस्ताक्षर अपलोड करने अनिवार्य है।
3. उपरोक्त विवरण भरने के बाद, अभ्यर्थी पूरे राज्य में गैर अनुसूचित क्षेत्र/सहरिया तथा अनुसूचित क्षैत्र में चयन अनुसार प्रदर्शित रिक्तियों को देख सकता है।
4. प्रदर्शित लिंक www.erajpashupalan.com पर उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर अभ्यर्थी को प्रदर्शित होने वाले **सभी जिलो के विकल्प भरने अनिवार्य है।** उसके पश्चात ही अभ्यर्थी द्वारा भरी गई सूचना को सबमिट किया जा सकेगा।
5. पदस्थापन में निम्न श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये विकल्पों को निम्नानुसार प्राथमिकता के आधार पर जिले का आवंटन किया जावेगाः–
   I. दिव्यांग अभ्यर्थी
   II. विधवा/परित्यक्ता महिला
   III. एकल महिला(**निर्धारित प्रारूप अपलोड करे**)
   IV. भूतपूर्व सैनिक
   V. उत्कृष्ठ खिलाड़ी
   VI. पति–पत्नी(पति अथवा पत्नी पूर्व से ही राजस्थान सरकार की नियमित सेवा में हो अथवा इसी भर्ती में हो) (**निर्धारित प्रारूप अपलोड करे**)
   VII. शेष कार्मिक विभाग द्वारा निर्धारित पूर्णतया मैरिट कम प्रस्तुत विकल्प अनुसार(बांरा जिले के अभ्यर्थी जिनका सहरिया केटेगरी में चयन हुआ का पदस्थापन बांरा जिले में ही किया जावेगा)
6. अभ्यर्थी को पति अथवा पत्नी के राजस्थान सरकार की नियमित सेवा में होने का विकल्प संबंधित नियंत्रण अधिकारी को कार्यग्रहण के समय प्रस्तुत करना होगा। उक्त की पुष्टि नियंत्रण अधिकारी द्वारा की जावेगी एवं गलत/झूठी सूचना अंकित करने पर संबंधित आवेदक का पदस्थापन आदेश निरस्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।


Signature Not Verified
Digitally signed by Anand Sejra
Designation : Director
Date: 2025.08.14 16:39:29 IST
Reason: Approved




RajKaj Ref No.: 17192351

7. सभी अभ्यर्थियों को पदस्थापन आवंटन मैरिट कम प्रस्तुत विकल्पों के आधार पर ऑनलाईन काउंसलिग के माध्यम से किया जावेगा।
8. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन काउंसलिग के माध्यम से विकल्प प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में नियमानुसार उसका नियुक्ति/पदस्थापन निर्धारित मैरिट अनुसार प्राप्त विकल्पों को रिक्त जिलो को भरने के उपरांत रेन्डमली किसी भी जिले में रिक्त पद पर पदस्थापन किया जायेगा।
9. अभ्यर्थी द्वारा भरे गये विकल्प पर पदस्थापन किया जाना अभ्यर्थी का अधिकार नहीं है।
10. विभाग द्वारा प्रदर्शित किये जा रहे रिक्त स्थान में से किसी संस्थान पर प्रशासनिक कारणों से रिक्तियों में परिवर्तन किया जा सकता है।
11. उक्त दिशा–निर्देशों में प्रशासनिक कारणों से आवश्यकता अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है।
12. चयनित कार्मिकों की वरिष्ठता का निर्धारण मैरिट अनुसार संबंधित पदस्थापित जिला कार्यालय स्तर पर किया जावेगा एवं नियमानुसार भविष्य में पदस्थापित जिले में परिवर्तन हेतु हकदार नहीं होगा।

-----------------------------------

Signature Not Verified

Digitally signed by Anand Sejra
Designation : Director
Date: 2025.08.14 16:39:29 IST
Reason: Approved

राजस्थान सरकार
निदेशालय पशुपालन, जयपुर
पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान–302015
director.ahd@rajasthan.gov.in दूरभाष–नं: 0141–2743331

---

## पशु परिचर सीधी भर्ती 2023 की ऑनलाईन काउंसलिंग की प्रक्रिया में ध्यान देने योग्य विशेष बिन्दुः–

### ➢ पशु परिचर सीधी भर्ती 2023 की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन से लेकर फाइनल सबमिशन तक की पूरी प्रक्रिया को कैसे पूरा करें:–

- सबसे पहले अपने कम्प्यूटर/लैपटॉप पर वेब ब्राउजर खोलें और पशुपालन विभाग की वेबसाईट (www.animalhusbandry.rajasthan.gov.in) पर जाकर www.erajpashupalan.com पर विजिट करें

  जहाँ से पूरी ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

### ➢ रजिस्ट्रेशन कैसे करें:–

- सबसे पहले जाएँ "Register for Counseling" पर।
- यहाँ अपना रोल नंबर दर्ज करें, और सबमिट पर क्लिक करें।
- अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ईमेल पर एक ओटीपी भेजा जाएगा।
- उस ओटीपी को दर्ज करें, और फिर "Verify OTP" पर क्लिक करें।
- इसके बाद, आपको एक पासवर्ड सेट करना होगा, जिसे आप आगे लॉगिन के लिए उपयोग करेंगे।
- "Login for Counseling" से पहले, कृपया General Instructions को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- फिर Important Downloads में जाकर अपने जिले की सेंटर PDF डाउनलोड करें, उसका प्रिंट निकालें, और उसमें अपनी प्राथमिकता पहले से तय कर लें। इससे ऑनलाइन प्रक्रिया में आपको आसानी होगी।
- यदि आपको OTP प्राप्त करने में समस्या हो रही है, या मोबाइल नंबर अपडेट करना है, तो General Instructions पर जाकर CLICK NOW पर क्लिक करें और फॉर्म भरें।
- विभाग जल्द ही आपसे संपर्क करेगा। अधिक जानकारी के लिए Contact Us सेक्शन देखें।
- अब "Login for Counseling" पर जाकर रोल नंबर और पासवर्ड के जरिए लॉगिन करें।

### ➢ काउंसलिंग फॉर्म भरना:–

- लॉगिन के बाद आपके सामने एक फॉर्म खुलेगा।
- सबसे पहले, अपनी फोटो और सिग्नेचर अपलोड करें।
- **अगर आप एकल महिला हैं**– "क्या आप एकल महिला है?" विकल्प में " हां " चुनें, और फिर संबंधित डॉक्यूमेंट अपलोड करें, जिसका फॉर्मेट आपको Important Downloads सेक्शन में मिलेगा।
- **अगर आपके पति या पत्नी राज्य सरकार के कर्मचारी है–**" हां " चुनने पर, संबंधित विभाग और पदनाम दर्ज करें, और फिर आवश्यक डॉक्यूमेंट अपलोड करें।

### ⚠ ध्यान रखें:–

फॉर्म को भरकर सबमिट करने से पहले उसे पूरी तरह जाँच कर लेवें। एक बार सबमिट क[illegible] उसमें कोई बदलाव संभव नहीं होगा।

Signature Not Verified

Digitally signed by Anand Sejra
Designation : Director
Date: 2025.08.14 16:39:29 IST
Reason: Approved

## ➢ पदस्थापन स्थान(सेंटर) के चयन की प्राथमिकता कैसे सुनिश्चित करें:–

- सभी जिलों के सभी सेंटर भरना अनिवार्य है। यदि आप कोई सेंटर नहीं भरते हैं, तो आपको रिक्त स्थानों में से किसी एक पर पोस्टिंग दी जा सकती है।
- अपने मनपसंद सेंटर को Center Code से सर्च करें, और एरो आइकन के जरिए उसे दूसरे बॉक्स में ट्रांसफर करें। इससे आपकी प्राथमिकता (प्रायोरिटी) सूची बनती जाएगी।
- यदि आप किसी विशेष जिले से सभी सेंटर जोड़ना चाहते हैं, तो ड्रॉपडाउन से जिला चुनें और Submit पर क्लिक करें।
- यदि आप पूरा जिला जोड़ना चाहते हैं, तो "Anywhere in District" पर क्लिक करें, जिले के सभी सेंटर स्वतः आपकी प्रायोरिटी सूची में जुड़ जाएँगे।

## ➢ फाइनल सबमिशन से पहले:–

- "View PDF" पर क्लिक करके आप अपनी चयनित प्रायोरिटी सूची की समीक्षा कर सकते हैं।
- यदि सब कुछ सही है, तो आगे बढ़ें और "Final Submit" पर क्लिक करें।

## ⚠ ध्यान रखें

- एक बार Final Submit करने के बाद कोई भी बदलाव संभव नहीं होगा।
- यदि दुसरे बॉक्स में प्रायोरिटी में कोई चेंज हो तो एरो के निशान से दुसरे बॉक्स में ट्रान्सफर कर सकते है

---

धन्यवाद!

आपकी काउंसलिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो– यही हमारी शुभकामना है।

**यदि आपको किसी प्रकार की सहायता चाहिए, तो Contact Us सेक्शन में दिए गए संपर्क माध्यमों का उपयोग करें।**

Signature Not Verified

Digitally signed by Anand Sejra
Designation : Director
Date: 2025.08.14 16:39:29 IST
Reason: Approved